**CHAUDHARY RANBIR SINGH UNIVERSITY,JIND**
Established by the State Legislature Act 28 of 2014
recognized by UGC Act 1956 U/S 12 B & 2(f)

**Public Relations Office**

**Newspaper: Punjab Kesari** **Date: 24-08-2022**

# सी.आर.एस.यू. में कार्यकारी परिषद की बैठक आयोजित

जींद, 23 अगस्त (संजीव) : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में कार्यकारी परिषद की 33वीं बैठक वीसी डॉ. रणपाल सिंह की अध्यक्षता में हुई। इसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न एजेंडों को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों माध्यम से संचालित की गई।

बैठक में वी.सी. डॉ. रणपाल सिंह ने सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया गया। इसके बाद कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने एजेंडा विषयों को कार्यकारी परिषद के सम्मुख प्रस्तुत किया। बैठक में कार्यकारी परिषद के सदस्य इन्दिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर (रेवाड़ी) के वीसी डॉ. जयप्रकाश यादव, गुरुग्राम विश्वविद्यालय गुरुग्राम के वीसी प्रो. दिनेश कुमार अग्रवाल, चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के वीसी प्रो. अजमेर सिंह मलिक, महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय रोहतक से डॉ. शालिनी सिंह, प्रो. एस.के. सिन्हा, डॉ. सुनील फोगाट, डॉ. आनंद कुमार, डॉ. कुलदीप नारा व ऑनलाइन माध्यम से डॉ. वाई.पी.एस. बेरवाल, मीनाक्षी राज, मीनू आदि उपस्थित थे।

कार्यकारी परिषद की इस बैठक में विश्वविद्यालय के विभिन्न शैक्षणिक, वित्तीय व अन्य मिश्रित एजेंडों पर विस्तारपूर्वक चर्चा करके अनुमति प्रदान की गई। इन सभी एजेंडों में मुख्यतया नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत विश्वविद्यालय में 2023-24 के सत्र में शुरू हुए नए कोर्सेज को पूरी तरह से लागू किया गया और उनके पाठ्यक्रम को पारित भी किया गया। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को पूरी तरह लागू करने के मामले में चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद हरियाणा में दूसरे स्थान पर है। इस कार्यकारी परिषद की बैठक में मौजूद डॉ. जयप्रकाश यादव, प्रो. दिनेश कुमार अग्रवाल, प्रो. अजमेर सिंह मलिक आदि सभी सदस्यों ने विश्वविद्यालय की उपलब्धि पर विश्वविद्यालय कुलपति डॉ. रणपाल सिंह और पूरे विश्वविद्यालय परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं दी।

**CHAUDHARY RANBIR SINGH UNIVERSITY,JIND**

Established by the State Legislature Act 28 of 2014
recognized by UGC Act 1956 U/S 12 B & 2(f)

**Public Relations Office**

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 24-08-2022**

# नए कोर्सेज का पाठ्यक्रम पारित

## सीआरएसयू में हुई बैठक में नई शिक्षा नीति पर की चर्चा



चौ. रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में आयोजित बैठक में शामिल पदाधिकारी। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

जींद। चौ. रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में बुधवार को कार्यकारी परिषद की 33वीं बैठक कुलपति डॉ. रणपाल सिंह की अध्यक्षता में हुई। इसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न एजेंडों को लेकर चर्चा की गई। कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने एजेंडा विषयों को कार्यकारी परिषद के सम्मुख प्रस्तुत किया।

बैठक में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-के तहत विश्वविद्यालय में 2023-24 के सत्र में शुरू हुए नए कोर्सेज को पूरी तरह से लागू किया गया और उनके पाठ्यक्रम को पारित भी किया गया। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को पूरी तरह लागू करने के मामले में चौ. रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद हरियाणा में दूसरे स्थान पर है। इस दौरान अन्य एजेंडों पर भी चर्चा हुई। इस मौके पर डॉ. जयप्रकाश यादव, कुलपति इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर (रेवाड़ी), प्रो. दिनेश कुमार अग्रवाल, कुलपति गुरुग्राम विश्वविद्यालय, गुरुग्राम, प्रो. अजमेर सिंह मलिक, कुलपति, चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा, डॉ. शालिनी सिंह, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक, प्रो. एसके सिन्हा डीन अकेडमी अफेयर्स, डॉ. सुनील फोगाट, डॉ. आनंद कुमार, डॉ. कुलदीप नारा और ऑनलाइन माध्यम से डॉ. वाईपीएस बेरवाल, मीनाक्षी राज एचसीएस उच्चतर शिक्षा विभाग मनोनीत सदस्य, पटियाला, डॉ. मीना मौजूद रहीं।

### सीएसआरयू की बैठक में कई एजेंडो पर किया गया मंथन

**CHAUDHARY RANBIR SINGH UNIVERSITY,JIND**

Established by the State Legislature Act 28 of 2014
recognized by UGC Act 1956 U/S 12 B & 2(f)

## Public Relations Office

**Newspaper: Dainik Jagran** **Date: 24-08-2022**

# बैठक में नई शिक्षा को पूरी तरह लागू कर पाठ्यक्रम को किया पारित

जासं, जींद : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में कार्यकारी परिषद (ईसी) की 33वीं बैठक वीसी डा. रणपाल सिंह की अध्यक्षता में हुई। जिसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न एजेंडों को लेकर चर्चा की गई। बैठक आफलाइन और आनलाइन दोनों माध्यम से संचालित की गई। रजिस्ट्रार प्रो. लवलीन मोहन ने एजेंडा के विषयों को कार्यकारी परिषद के सामने प्रस्तुत किया। बैठक में कार्यकारी परिषद के सभी सदस्य उपस्थित रहे। जिनमें इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के वीसी डा. जयप्रकाश यादव, गुरुग्राम विश्वविद्यालय गुरुग्राम के वीसी प्रो. दिनेश कुमार अग्रवाल, चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के वीसी प्रो. अजमेर सिंह मलिक, महर्षि विवि रोहतक से डा. शालिनी सिंह, सीआरएसयू के डीन एकेडमी अफेयर्स प्रो. एसके सिन्हा, डा. सुनील फोगाट, डा. आनंद कुमार, डा. कुलदीप नारा व आनलाइन माध्यम से डा. वाईपीएस बेरवाल, उच्चतर शिक्षा विभाग मनोनीत सदस्य एचसीएस मीनाक्षी राज, जीवीएम कालेज की प्रिंसिपल डा. मीनू उपस्थित रहे। बैठक में विश्वविद्यालय के विभिन्न शैक्षणिक, वित्तीय व अन्य मिश्रित एजेंडों पर विस्तारपूर्वक चर्चा कर अनुमति प्रदान की।



वीसी डा. रणपाल सिंह। • जागरण

**Public Relations Office**

**Newspaper: Hari bhoomi** **Date:24-08-2022**

हरिभूमि
रोहतक - जीन्द
24 Aug 2023

# सीआरएसयू में कार्यकारी परिषद की बैठक

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में बुधवार को कार्यकारी परिषद की 33वीं बैठक कुलपति डा. रणपाल सिंह की अध्यक्षता में हुई। इसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न एजेंडों को लेकर चर्चा की गई। कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने एजेंडा विषयों को कार्यकारी परिषद के सम्मुख प्रस्तुत किया।